जबसे खाटू वाले हम तुम्हारे हो गए लिरिक्स

सारे दु:ख दूर,
अब हमारे हो गए,
जबसे खाटू वाले,
हम तुम्हारे हो गए,
मेरे जीने के,
तुम सहारे हो गए,
जबसे मुरली वाले,
हम तुम्हारे हो गए,
जबसे मुरली वाले,
हम तुम्हारे हो गए।**bd।**

सबसे रिश्ता तोड़ के बैठे,
तुमसे नाता जोड़ के बैठे,
सारे जग से उठा भरोसा,
सब कुछ तुम पर छोड़ के बैठे,
बिना तक़दीर के,
गुज़ारे हो गए,
जबसे खाटू वालें,
हम तुम्हारे हो गए।**bd।**

हमने ये एहसास किया है,
साथ भगत के रहता है तू,
कभी ना छोड़े मुझे अकेला,
हाथ पकड़ कर चलता है तू,
ऐसा लगता है,
हम किनारे हो गए,
जबसे खाटू वालें,
हम तुम्हारे हो गए।**bd।**

एक बार मेरे श्याम को देखूं,
बार बार मेरा दिल करता है,
बिन देखे तुझे मर ना जाऊं,
सोच सोच कर दिल डरता है,
मेरी आँखों के,
तुम तो तारे हो गए,
जबसे खाटू वालें,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम तुम्हारे हो गए।bd।

तेरा होकर देख लिया है,
तेरा बनकर ही रहना है,
अपना बना के रखना बाबा,
'बनवारी' ये ही कहता है,
तेरे चलते जीवन में,
उजाले हो गए,
जबसे खाटू वालें,
हम तुम्हारे हो गए।bd।

सारे दु:ख दूर,
अब हमारे हो गए,
जबसे खाटू वाले,
हम तुम्हारे हो गए,
मेरे जीने के,
तुम सहारे हो गए,
जबसे मुरली वाले,
हम तुम्हारे हो गए,
जबसे मुरली वाले,
हम तुम्हारे हो गए।bd।

Singer – Pooja Vandana Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com